सत्यमेव जयते

राजभवन, असम

राज्यपाल असम प्रतिभा प्रोत्साहन योजना 2024-25

राजभवन, असम दो प्रतिष्ठित एजेंसियों की साझेदारी में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए असम के अभ्यर्थियों से छात्रवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। इस पहल का उद्देश्य योग्य अभ्यर्थियों को वित्तीय सहायता और उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग प्रदान करना है, जिससे वे लोक सेवक बनने के अपने लक्ष्य में सफलता प्राप्त कर सकें।

कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण

- **साझेदार एजेंसियां :** '**पावन चिंतन धारा आश्रम**' और '**आर्य प्रतिभा विकास संस्थान**'।
- **प्रायोजन की संख्या :**

  ऑनलाइन कोचिंग : 500 अभ्यर्थी (पावन चिंतन धारा आश्रम द्वारा मार्गदर्शित)

  प्रत्यक्ष मोड कोचिंग (दिल्ली एनसीआर) : 10 अभ्यर्थी (पावन चिंतन धारा आश्रम द्वारा मार्गदर्शित और प्रायोजित)

  प्रत्यक्ष कोचिंग (दिल्ली एनसीआर) : 2 अभ्यर्थी (आर्य प्रतिभा विकास संस्थान द्वारा मार्गदर्शित और राजभवन, असम द्वारा प्रायोजित)
- **चयन प्रक्रिया :** अभ्यर्थियों का चयन 'अखिल असम प्रतिभा खोज परीक्षा' के माध्यम से किया जाएगा, जिसके बाद ग्रुप काउंसलिंग और व्यक्तिगत साक्षात्कार होंगे।

  (**नोट :** राजभवन, असम के विवेकानुसार प्रायोजन प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।)
- **परीक्षा केंद्र :** 12वीं और स्नातक प्रतिशत अंकों के आधार पर शॉर्टलिस्ट किए गए 5000 अभ्यर्थियों की स्क्रीनिंग परीक्षा 20 अक्टूबर, 2024 को गुवाहाटी, जोरहाट, सिलचर और बंगाईगांव में आयोजित की जाएगी। ग्रुप काउंसलिंग और व्यक्तिगत साक्षात्कार केवल गुवाहाटी में आयोजित किए जाएंगे।

इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित तिथियाँ

आवेदन पत्र जमा करने की प्रारंभिक तिथि	:	27 सितम्बर, 2024
आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि	:	6 अक्टूबर, 2024
स्क्रीनिंग परीक्षा	:	20 अक्टूबर, 2024
स्क्रीनिंग परीक्षा के परिणामों की घोषणा	:	27 अक्टूबर, 2024
ग्रुप काउंसलिंग (संभावित)	:	10 नवम्बर, 2024
व्यक्तिगत साक्षात्कार (संभावित)	:	11 नवम्बर, 2024
कोचिंग कार्यक्रम की शुरुआत	:	18 नवम्बर, 2024

सत्यापित कागजातों के साथ पूरा किया गया फॉर्म **https://gappy.assam.gov.in** लिंक के माध्यम से 27 सितम्बर, 2024 को शाम 5 बजे से लेकर 6 अक्टूबर, 2024 को शाम 5 बजे तक ऑनलाइन जमा किया जाना है।

नोट : स्क्रीनिंग परीक्षा के परिणाम और अंतिम परिणाम की घोषणा आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। अपडेट के लिए वेबसाइट की निगरानी और निर्धारित रूप से इसे एक्सेस करना अभ्यर्थियों की जिम्मेदारी है। ऐसा न करने पर किसी भी अभ्यर्थी को निर्धारित समय-सीमा के अनुपालन से छूट नहीं मिलेगी।

नियम और शर्तें

- राजभवन, असम द्वारा असम में आयोजित स्क्रीनिंग टेस्ट, ग्रुप काउंसलिंग और व्यक्तिगत साक्षात्कार में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयन होगा। लिखित परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्टिंग अभ्यर्थियों के कक्षा 12 और स्नातक के प्रतिशत अंकों के आधार पर होगी।
- प्रवेश पत्र शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों की पंजीकृत ई-मेल आईडी पर भेजे जाएंगे। प्रवेश पत्र की कोई कागजी प्रति जारी नहीं की जाएगी। स्क्रीनिंग परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने ई-मेल आईडी से प्रवेश पत्र डाउनलोड करना होगा और उसका प्रिंट आउट लाना होगा।
- राजभवन असम, साझेदार संगठनों के परामर्श से ऑफलाइन कोचिंग के लिए चयनित अभ्यर्थियों के आवंटन के संबंध में सभी निर्णय लेगा।
- छात्रवृत्ति में प्रत्यक्ष मोड कोचिंग कार्यक्रम से जुड़ी कोचिंग फीस, आवास और भोजन की लागत शामिल होगी। छात्रवृत्ति के अंतर्गत आने वाली लागतों, खर्चों या व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अलावा कोई भी अतिरिक्त लागत, व्यय या व्यक्तिगत आवश्यकताएँ अभ्यर्थियों की जिम्मेदारी होगी।
- भुगतान सीधे कोचिंग संस्थानों को किया जाएगा; अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं किया जाएगा।
- छात्रवृत्ति हस्तांतरणीय नहीं है और इसे स्थगित या नकद में परिवर्तित नहीं किया जा सकता है।
- किसी भी भ्रम /विवाद की स्थिति में राजभवन, असम ही मामले पर निर्णय लेने हेतु का एकमात्र प्रधिकारी होगा।

किसी भी प्रश्न के लिए, अभ्यर्थी **pratibhaprotsahanyojana@gmail.com** पर ई-मेल भेज सकते हैं।

राजभवन, असम

सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय, असम द्वारा प्रचारित

Connect with us @diprassam dipr.assam.gov.in

असम वार्ता सब्सक्राइब करने के लिए 7636834943 पर Assam लिखकर व्हाट्सएप करें